**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला,दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, परफेक्ट मिशन, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 27.11.2025

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने पन्ना लाल पार्क में डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। आह्वान किया कि संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करें।

## अमर उजाला–दि0 27.11.2025

# जीआईएस मास्टर प्लान से मिलेगी सटीक जानकारी

**वाराणसी।** वीडीए सीमा के वाराणसी विकास क्षेत्र का जीआईएस आधारित मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इसमें यहां के औद्योगिक क्षेत्र, बाजार, रिहायशी क्षेत्र, सड़क, रेल ट्रैक, तालाब, नदी और हरित क्षेत्र की सटीक जानकारी मिलेगी। इसके आधार पर विकास की गति बढ़ेगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के अनुसार विस्तारित क्षेत्र के लिए जीआईएस आधारित मास्टर प्लान बन रहा है। इससे विस्तारित क्षेत्र के सुनियोजित विकास को गति मिलेगी। वाराणसी विकास क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 278 वर्ग किलोमीटर है। इसमें कुल 850 राजस्व ग्राम शामिल हैं। इन सभी गांवों को मास्टर प्लान में शामिल किया जाएगा। इससे बेहतर भूमि उपयोग और बुनियादी ढांचा नियोजन, हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय, भीड़भाड़ और प्रदूषण में कमी आएगी। सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण होगा। मास्टर प्लान प्रौद्योगिकी, वित्त और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में निवेश के क्षेत्रों की पहचान होगी। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 27.11.2025

**आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण** : वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने संविधान दिवस पर पन्नालाल पार्क में डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसमें अपर सचिव गुडाकेश शर्मा

## हिन्दुस्तान–दि0 27.11.2025

### डॉ.आंबेडकर को किया याद

वीडीए मुख्यालय में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बाबा साहेब डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने देश के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवैधानिक मूल्यों के अनुसार कार्य करने को कहा। इस दौरान अपर सचिव गुडाकेश शर्मा समेत विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 27.11.2025

### डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीडीए में मनाया गया संविधान दिवस



**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** संविधान दिवस के अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण पूर्ण बोरा द्वारा की गई।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राधिकरण परिसर स्थित पन्ना लाल पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।इसके पश्चात संविधान के मूल तत्वों, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण पर संक्षिप्त विचार-प्रस्तुति दी गई।उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता को प्राथमिकता देते हुए संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करते रहें।कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा तथा सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सक्रिय सहभागिता निभाई।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 27.11.2025

### संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है : वीसी पूर्ण बोरा



वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा अफसर व कर्मचारियों को शपथ दिलवाते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** संविधान दिवस के अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण पूर्ण बोरा द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राधिकरण परिसर स्थित पन्ना लाल पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता को प्राथमिकता देते हुए संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करते रहें। कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।